


# नाम संपूर्ण समाधान..58 शिकायतों में निस्तारण एक भी नहीं

## पूरनपुर तहसील में जनसुनवाई करने पहुंचे जिलाधिकारी समेत कई अफसर, विधायक भी हुए शामिल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण करने की बेहतर मंशा के तहत संचालित किए जा रहे संपूर्ण समाधान दिवस में अफसरों की भारी भरकम टीम होने के बावजूद निस्तारण को गति नहीं मिल पा रही है। आलम ये है कि कहने को तो संपूर्ण समाधान दिवस है, लेकिन अधिकांश फरियादियों को आश्वासन के सहारे मायूस लौटना पड़ रहा है। विधायक और डीएम की अध्यक्षता में पूरनपुर तहसील में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 58 फरियादी पेश हुए लेकिन एक भी शिकायत का निस्तारण मौके पर नहीं कराया जा सका। संबंधित विभाग को निस्तारण के निर्देश दे दिए गए हैं।

जनपद की समस्त तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। त्योहारी सीजन के बीच आयोजित इस समाधान दिवस में भी दूर दराज क्षेत्रों से ग्रामीण तहसीलों पर पहुंचे और अपनी समस्याएं अफसरों के समक्ष रखीं। उन्हें उम्मीद थी कि निस्तारण होगा लेकिन फिलहाल आश्वासन के साथ वापस लौटना पड़ा। पूरनपुर तहसील में भाजपा विधायक बाबूराम पासवान, डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सुनवाई की गई। यहां कुल 58 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। मगर उनमें से एक शिकायत का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। डीएम ने कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण कराएं। स्वयं निस्तारण के लिए मौके पर जाएं और दोनों पक्षों की मौजूदगी में निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाए। ताकि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। विधायक और डीएम ने ग्राम चंदिया हजारा के पांच लाभार्थियों को आवंटित पट्टे की खतौनियां भी दी। इस मौके पर एसपी अविनाश पाण्डेय, सीएमओ डॉ.आलोक कुमार, बीएसए अमित कुमार सिंह, डीपीआरओ सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।



ग्रामीण को आवंटित पट्टे देते विधायक बाबू राम पासवान व डीएम संजय कुमार सिंह।



पूरनपुर तहसील में फरियादियों को सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

### अमरिया में भी नहीं खुला निस्तारण का खाता

**अमरिया :** तहसील परिसर में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने फरियादियों को सुना। यहां पर दूर दराज क्षेत्र से फरियादी पहुंचे। कुल आठ शिकायतें प्राप्त हुई, लेकिन निस्तारण एक का भी नहीं हो सका। एसडीएम मयंक गोस्वामी भी मौजूद रहे। इस दौरासन उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (रजि.) के तहसील अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा

### महिला फरियादी को गोद में लाया युवक



**पूरनपुर :** तहसील में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में एक महिला फरियादी जिसके पैर में दिक्कत थी। वह मोहल्ला चौक की रहने वाली थी। उसे भी एक रिश्तेदार गोद में लेकर पहुंचा और फिर अफसरों को महिला ने फरियाद सुनाई।

### बीसलपुर में एक, पीलीभीत में महज तीन निस्तारित

डीएम की अध्यक्षता वाले संपूर्ण समाधान दिवस की भांति ही अन्य तहसीलों पर भी निस्तारण की गति पस्त रही। सदर तहसील में एसडीएम महिपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार की अगुवाई में फरियादियों को सुना गया। यहां पर 32 फरियादी आए लेकिन निस्तारण महज तीन शिकायतों का ही हो सका। इसी तरह से बीसलपुर में एसडीएम नागेंद्र पांडेय की अगुवाई में जनसुनवाई की गई। निस्तारण यहां भी न के बराबर ही रहा। 24 शिकायतों में से एक का ही निस्तारण किया जा सका।

### ब्हील चेयर की भी नहीं व्यवस्था

तहसील परिसर में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में निस्तारण शून्य रहा। वहीं, व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल उठ गए। बताते हैं कि एक दिव्यांग अपनी जमीन संबंधी शिकायत लेकर तहसील पहुंचा था। उसे परिवार के सदस्य गोद में उठाकर अफसरों के पास तक लाए थे। इसके बाद जांच कराकर समाधान का आश्वासन दिया गया। इधर, दिव्यांग फरियादियों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था न होने के सवाल उठाए जाते रहे। मामला चर्चा का विषय बना रहा।



### लेखपाल संघ, दिव्यांग पार्टी समेत कई संगठनों ने सौंपे ज्ञापन

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के जिलाध्यक्ष तनु मिश्रा ने दिव्यागों के हितों के लिए 15 सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा। जिसमें दिव्यागों के अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की गई। प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने भी ज्ञापन दिया। जिसमें कहा कि चकबंदी न्यायलय में धारा 52 चकबंदी अधिनियम पूरा होने के बाद भी मुकदमें न्यायलय में दाखिल किए गए। उनका निस्तारण नियम 109 चकबंदी अधिनियम के अंतर्गत न्यायालय द्वारा निस्तारित नहीं किए जा रहे हैं। इससे वादकारियों को क्षति हो रही है। आदेशों का निस्तरण कराने की मांग की गई। गांव पिपरिया दुलई के ग्रामीणों ने कोटेदार पर कम अनाज देने देने का आरोप लगाया। इसके अलावा उत्र प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने पत्र देकर एंटी करप्शन टीम की छापामार कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय राजनीति और साजिश के तहत लेखपालों को करप्शन के मामले में फंसाया जा रहा है।

## नगदी और कार न मिलने पर विवाहिता को किया बेघर

● पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचारः** आठ लाख रुपये और कार की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई की। इसके बाद उसे धमकी देकर घर से निकाल दिया। आरोप है कि छत से फेंक जान से मारने की कोशिश की गई थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

नगर के मोहल्ला दुबे की रहने वाली ममता देवी पुत्री स्वर्गीय लखनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी दो दिसंबर 2022 को शाहजहांपुर के रोशनगंज पुनिया मोहल्ले के निवासी संदीप कुमार से हुई थी। ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि कुछ सम बाद ही आठ लाख रुपये व कार की मांग शुरू कर दी गई। जिसके पूरा न होने पर उसकी जान लेने की कोशिश की गई। पति संदीप कुमार, सास उर्मिला देवी, ससुर रामबाबू, ननद सविता और बबीता ने उसे छत से नीचे फेंकने का भी प्रयास किया। शोर पर आसपास के लोग जमा हो गए।इस पर ससुरालियों ने छोड़ दिया। इसके बाद 25 जनवरी मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह मायके आकर रहने लगी। यहीं पर जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। जिनके साथ मायके में ही रह रही है। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## एक नजर

### सो गया स्टाफ, चोर समेट ले गए सामान

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मचवाखेड़ा के निवासी शिशुपाल पुत्र मेवाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका डीजे सिस्टम गाजीपुर मुगल गांव में आयोजित की जा रही श्रीमद भागवत कथा में लगाया गया था। 19 अक्टूबर की सुबह स्टाफ के लोग सो गए। इस दौरान कोई सिस्टम के तमाम मशीनें चोरी कर ले गया।

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण घायल

**अमरिया, अमृत विचार :** सितारगंज हाईवे पर एक सर्विस सेंटर के पास बाइक की टक्कर से गांव कैंचूटांडा निवासी 45 वर्षीय अनीस अहमद पुत्र लईक अहमद घायल हो गए। वह बाजार कर पैदल सड़क पार कर रहे थे। जबकि बाइक सवार सर्विस सेंटर से बाइक ठीक कराकर लौट रहा था। घायल को सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एसपी के निर्देश पर चला अभियान, धरे 14 वारंटी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एसपी अविनाश पांडेय के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना पुलिस वारंटियों की गिरफ्तारी में जुटी रही। इस दौरान बरखेड़ा पुलिस ने नौ वारंटी गिरफ्तार किए। जिसमें ग्राम बस्थना निवासी अजय कुमार, भानू प्रकाश, ग्राम पैनिया रामकिशन के राजपाल, कस्बा बरखेड़ा के रोहित, मोहल्ला जामा मस्जिद के शादाब, ग्राम खमरिया पंडरी के शहंशाह, बादशाह उर्फ पटवारी, ग्राम बेलाडांडा के प्यारेलाल थे। इसके अलावा जहानाबाद पुलिस ने पांच वारंटी गिरफ्तार किए। सभी आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया।

### खेत देखने गए किसान की बाइक चोरी

**गजरौला :** खेत देखने गए किसान की बाइक चोरी हो गई। ग्राम मुढ़ैलाखुर्द के रहने वाले कमल किशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार शाम को वह पीलीभीत रोड पर खारजा पुल के नजदीक अपने खेत पर गए थे। वहीं पर बाइक खड़ी कर दी थी। जब वापस आए तो बाइक नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### अवैध खनन पर मारा छापा, कई वाहन पकड़े

**बीसलपुर, अमृत विचार :** अवैध खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार अवधेश कुमार ने पुलिस बल के साथ सादियां लाडपुर गांव के पास शुक्रवार रात छापा मारा। टीम ने खनन में इस्तेमाल की जा रही मिट्टी लदी तीन ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी पकड़ी। वाहनों को चीनी मिल पुलिस चौकी में खड़ा कर खनन अधिकारी को सूचना दी गई है।

### पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये और सोने की चेन न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को कमरे में बंद कर मारपीट की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के ग्राम अटकोना पंडरी की पूनम देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र गांव उदयपुर खुर्द निवासी सुरेश कुमार पुत्र महेश कुमार से 11 दिसंबर 2023 को हुई थी। ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। दो लाख रुपये व सोने की चेन की मांग पूरी न होने पर मारपीट की गई। इसके बाद घर से निकाल दिया। पुलिस ने मामले में पति सुरेश कुमार, ससुर महेश कुमार, सास दुर्गा देवी, देवर अजय कुमार, मौसेरी सास ममता देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

# नेचर गाइड बनने को उमड़ी युवकों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● पीटीआर मुख्यालय पर आवेदन करने वालों का लगा रहा तांता

● दो चरणों के प्रशिक्षण के बाद लिखित परीक्षा से होगा चयन

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के मुख्यालय पर नेचर गाइड बनने को दिन भर आवेदकों का तांता लगा रहा। शाम तक 238 लोगों ने नेचर गाइड बनने का आवेदन किया। पीटीआर प्रशासन के मुताबिक दो चरणों के प्रशिक्षण के बाद लिखित परीक्षा के माध्यम से नेचर गाइडों का चयन किया जाएगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र नवंबर माह से शुरू हो रहा है। नए सत्र को लेकर पर्यटन स्थलों की व्यवस्थाओं को सुधारने के प्रयास तेज हो गए हैं। इसके साथ ही जंगल सफारी के मार्गों की मरम्मत भी शुरू करवा दी गई है। सत्र के दौरान देश के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशी सैलानियों की आमद भी होती है। पर्यटन स्थल के खूबसूरत नजारे के साथ बाघों के अधिक दीदार होने से सैलानियों की संख्या भी हर साल बढ़ रही है। इन सैलानियों को जंगल भ्रमण एवं वन्यजीवन से जुड़ी जानकारियां देने के लिए हर साल नेचर गाइडों की तैनाती की जाती है। आगामी पर्यटन सत्र को लेकर भी पीटीआर प्रशासन द्वारा रुपरेखा तैयार की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को पीटीआर मुख्यालय पर नेचर गाइड बनने के लिए अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। शाम पांच बजे तक 238 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। पर्यटन विभाग की ओर से नेचर गाइडों के चयन से पूर्व प्रशिक्षण कराया जाएगा। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि 21 से 26 अक्टूबर एवं 03 से 08 नवंबर तक दो चरणों में प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रशिक्षण के अंत में संस्था द्वारा एक परीक्षा का आयोजन भी किया जाएगा। जिसके आधार पर सत्र के लिए नेचर गाइडों का अंतिम चयन होगा।



पीटीआर में आवेदन जमा करते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# प्रधान-सचिव समेत तीन से वसूली जाएगी घपले की रकम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● डीएम ने डीपीआरओ को दिए वसूली के निर्देश

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के नाम पर हजारों रुपये घपलेबाजी कर ली गई। दो सदस्यीय टीम की जांच में खुलासा होने पर अब ग्राम प्रधान, सचिव एवं कंसल्टिंग इंजीनियर से धनराशि की वसूली की जाएगी। इसको लेकर डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को वसूली करने के निर्देश दिए हैं।

मरौरी विकास खंड के ग्राम पंचायत अधिकारी अनिल कुमार ने 08 जनवरी 2024 से 18 फरवरी 2024 तक चिकित्सा अवकाश पर 12 ग्राम पंचायतों के ग्राम निधि खाते से धनराशि निकाल ली थी। इसकी जांच के लिए अलग-अलग जांच अधिकारी नामित किए गए। इसमें ग्राम पंचायत सिसैइया की जांच के लिए डीएम संजय कुमार सिंह ने जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता को जांच अधिकारी नामित किया था। दो सदस्यीय टीम ने जांच के बाद 30 मई को जांच आख्या जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपी थी।

# राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी...

संवाददाता, बरखेड़ा

● जगराते में रात भर चले भजन झूम उठे भक्तगण

**अमृत विचारः** मां आदि शक्ति जागरण ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार को 33 वां विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया। जागरण के लिए मां ज्वालाजी की ज्योति लाई गई। पंडित शिवम मिश्रा, बरेली के देवांश शुक्ला ने संयुक्त रूप से विधि विधान से पूजा अर्चना कर जागरण शुरु कराया। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद भी शामिल हुए। मां को रिझाते हुए भजन की प्रस्तुति दी। राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी.. गीत पर भक्त झूम उठे। मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति दी गई।

कस्बे में मेला मैदान में शुक्रवार देर शाम माता रानी का जगराता हुआ। इसके लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने ज्वाला जी से मां ज्वाला देवी की ज्योति लाकर जगराते में माता रानी की प्रतिमा के समक्ष रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना कराई।

बरेली से आए किशोर कुमार ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना व गुरु वंदना की भी प्रस्तुति दी। बरेली की अपर्णा मिश्रा ने मां के भजन गाए। बिजनौर से आए गायक दीपू ने हरे रामा हरे कृष्णा व मंगल भवन अमंगल हारी..की प्रस्तुति दी। मुरादाबाद से आए देवा ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है.. भजन गाया।

बरेली से आई आयोजिका अरोड़ा ने मां के भजनों को सुनाते हुए कहा कि तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है। बरेली से आए गायक आरजू ने भी मां के जगराते में भजन गाए। लाल लाल चुनरी सितारों वाली..भजन पर हर कोई झूम उठा। पूरी रात भजनों से वातावरण गूंजता रहा। जगराते में शंकर, गणेश, मां काली, राधा कृष्ण, सुदामा आदि की मनमोहक झांकियां दी गई। शनिवार सुबह तारावती की कथा सुनने के बाद भक्तजनों को प्रसाद वितरण के बाद जागरण संपन्न हुआ। माता रानी के जगराते में काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे। दोपहर से भंडारा शुरू हुआ, जोकि देर शाम तक चला।

## ठेला हटाने को लेकर मारपीट, क्रॉस रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ठेला हटाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच जमकर लाठी डंडे चल गए। दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया के राजू पुत्र गोवर्धन ने थाना सुनगढ़ी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 अक्टूबर की रात साढ़े आठ बजे घर के सामने ठेले पर चेन बांध रहे थे। इस दौरान गांव के ही तिलकराम, रामचंद्र, होरीलाल और धर्मेंद्र से ठेला हटाने को लेकर कहासुनी हो गई। उक्त आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। बचाने आई उसकी मां पार्वती देवी और भाई देवदत्त को भी पीटा। इधर, दूसरे पक्ष के रामचंद्र ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि वह अपने घर जा रहे थे। रास्ते में राजू, परशुराम, देवदत्त, पार्वती देवी ने घेरकर मारपीट कर दी। सिर पर लाठी लगने से वह घायल हो गए। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडे ने बताया कि क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## राहुल नगर में चल रहा धरना भूख हड़ताल में तब्दील

**पूरनपुर, अमृत विचार :** भाकपा माले का राहुलनगर में तटबंध बनाए जाने आदि मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन चल रहा है। 14 दिनों से कार्यकर्ता धरने पर हैं। शनिवार को इसे भूख हड़ताल में तब्दील कर दिया गया। जिला सचिव देवाशीष राय ने कहा कि अब झूठे आश्वासन में नहीं आएंगे। बचाव कार्य पूरा न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। जिला प्रभारी अफरोज आलम ने कहा कि सरकार किसान और मजूदरों के अधिकारों को छीनने का प्रयास कर रही है। इस मौके पर गौरीशंकर, उमेश प्रसाद, रामदयाल, माधव, राजेंद्र, श्रीराम, जलील, विध्यांचल, झगरु, राजदेव, वासुदेव आदि मौजूद रहे।






मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
● हिस्टीरिया, मिर्गी
● सिर दर्द, माइग्रेन
● डिप्रेशन, घबराहट
● स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
● नशे की आदत
● डिमोशिया
● याद्दाश्त कम होना
● बच्चों में चंचलता
● पागलपन बुदबुदाना
● बिस्तर गीला करना
● बेवजह शक करना
● नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306

# सजना है मुझे सजना के लिए, बाजार में उमड़ी सुहागिनें

## करवा चौथ आज...बाजार में भीड़ को देखते हुए रूट डायवर्ट होने से लिंक मार्गों में लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : सजना है मुझे सजना के लिए..सुहागिनों के करवा चौथ पर्व से एक दिन पूर्व कुछ इसी तरह की तस्वीर शनिवार को बाजार में दिखाई दी। इसको लेकर कई दिनों से बाजार गुलजार हो उठा। हर तरफ दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। कपड़ा, गहना, कॉस्मेटिक की दुकानों पर मारामारी देखने को मिली। मेहंदी स्टॉल पर भी महिलाएं हाथों में अपने सजना के नाम की मेहंदी लगवाने के लिए बैठी दिखीं। देर रात तक बाजार में चहल पहल देखने को मिली।

शहर के स्टेशन रोड, जेपी रोड, ड्रमंडगंज चौराहा, छीपीयान चौराहा, चूड़ी वाली गली समेत पूरे बाजार में करवा चौथ से एक दिन पहले शनिवार को महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। हालांकि शनिवार होने की वजह से पूजन सामग्री की खरीदारी कम हुई। मान्यता है कि सुहागिनें शनिवार को पूजन सामग्री की खरीदारी कम करती हैं। रेडीमेड गारमेंट्स, साड़ी सूट, सराफा, कॉस्मेटिक, मेहंदी स्टॉल गुलजार दिखे। सुबह 11 बजे से बाजार में भीड़ पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया था। करवा चौथ से एक दिन पहले महिलाओं ने अपने पिया के साथ साड़ी की खरीदारी की। महिलाओं को लाल रंग की साड़ी खूब पसंद आई। महिलाओं ने मनपसंद साड़ियों के अलावा उनके मैच की चूड़ी, कंगन और सोने-चांदी के जेवरात की भी जमकर खरीदारी की। करवा चौथ सबसे मेहंदी लगवाने पर जोर रहा, जहां नगरपालिका की ओर से लगाए गए मेहंदी स्टॉल के अलावा पॉर्लर और चावला चौराहा पर बाहर से आए मेहंदी अर्टिस्ट के स्टॉल पर महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। इतना ही नहीं महिलाओं के साथ-साथ युवतियां भी अपने हाथ में मेहंदी लगवाने के लिए उत्साहित दिखी। देर रात तक महिलाएं स्टॉल पर मेहंदी लगवाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करती रही। इसके अलावा श्रृंगार की दुकानों पर भीड़ लगी रही। महिलाएं अपनी साड़ी, सूट लहंगा के मैचिंग के हिसाब से सौंदर्य प्रसाधन का सामान खरीदती रही। इधर, पूजा के लिए स्टील, पीतल, तांबा समेत चांदी के सजावटी लोटे और मिट्टी के सादे करवों के साथ चांदी के करवों की भी बिक्री जोरों पर है। साथ सराफा बाजार में भी महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। करवा चौथ को लेकर बाजार में जगह-जगह लगे स्टॉल और भीड़ को देखते हुए बाजार में अलग-अलग जगह से रुट डायर्वट कर दिया गया था। साथ शहर के प्रमुख चौराहा और व्यस्तम इलाकों में ट्रैफिक पुलिस और होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है। हालांकि शनिवार होने की वजह से अधिक भीड़ नहीं रही। मगर चूड़ी वाली गली, नींबू बाजार, ड्मंडगंज चौराहा, जेपी रोड आदि इलाकों में भीड़ बनी रही।

**मिट्टी के सजावटी कलश की बिक्री :** करवा चौथ पर बाजार में मिट्टी और स्टील के कलश की बिक्री हो रही है। मिट्टी के कलश के साथ सजावटी कलश भी आए हुए हैं। मिट्टी का सामान्य कलश 20 रुपये और सजावटी कलश 40 रुपये में बिक रहा है। सजावटी कलश भी मिट्टी का बना है। हालांकि माना जा रहा है कि अभी दामों में बढ़ोत्तरी भी होगी। उस पर कपड़े की आकर्षक सजावट की गई है। इसके अलावा सजावटी थाली भी महिलाएं खरीद रही हैं।


करवा चौथ की खरीदारी को गुलजार दिखा बाजार। ● अमृत विचार


चावला चौराहा पर हाथों पर मेहंदी लगवातीं महिलाएं।


हाथ में मेहंदी लगवातीं महिलाएं और युवतियां। ● अमृत विचार


चूड़ी वाली गली में चूड़ियां पसंद करती महिलाएं। ● अमृत विचार

● **जलेबी, इमरती और रबड़ी के सजे काउंटर, पुलिस बंदोबस्त भी सख्त, हर तरफ दिखा करवाचौथ का उल्लास**


पिया के नाम की हाथों पर लगाई मेहंदी को निहारती महिला।


चांद देखने के लिए चरनी खरीदती महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने खेले गेम्स, डांडिया भी किया

श्रीकुमार तनय वैश्य महिला संगठन की ओर से करवाचौथ को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम अध्यक्ष जूली ने कार्तिकेय के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर वंदना की। मंत्री सारिका गुप्ता ने विभिन्न प्रकार के गेम खिलाए। जिसमें महिला उत्साहित दिखी। डांडिया डांस का भी आयोजन हुआ। लकी ड्रा तंबोला व रिटर्न गिफ्ट पाकर महिलाएं खुशी से झूम उठी। करवाचौथ सरप्राइज़ क्वीन भी चुनी गई। स्नैक्स और डिनर का भी स्वाद लिया गया। इस मौके पर संगीता, नीतू, सीमा, चंद्रप्रभा, राधा कल्पना, अंजना, वीना, रेनू, पूनम, रिचा, नेहा, सविता, अर्चिता, शालू, ज्योति, प्रियंका, अर्चना, निशा आदि महिलाएं मौजूद रही।



### ब्यूटी पॉर्लर में शहनाज और डायमंड का दिखा क्रेज

ब्यूटी पार्लरों में फेशियल, मेकअप, ड्रेस पहनाने तक के पैकेज हैं। फेशियल के साथ आईब्रो, ब्लीच, वैक्सिंग, थ्रेडिंग, हेडवॉश , हेड मसाज, पेडिक्योर, मेनिक्योर आदि शामिल हैं। ब्यूटी पार्लर संचालक अनुज भारती के मुताबिक ज्यादातर सुहागिनें, शहनाज, ओ थ्री और डायमंड फेशियल पसंद कर रही हैं। कीमत 700 से 5000 रुपये तक है। वहीं पूरे मेकअप और तैयार करने के लिए भी विशेष पैकेज दिए गए हैं। इस वजह से शनिवार को भी ब्यूटी पॉर्लर में भीड़ देखने को मिली।

### जरकन वाली फैंसी चूड़ियों की बिक्री अधिक

कास्मेटिक विक्रेता सचिन ने बताया कि प्लेन चूड़ी से लेकर डिजाइन वाली चूड़ियां बिक रही हैं। मगर, सबसे ज्यादा जरकन वाली चूड़ी पसंद की जा रही है। 25 रुपये लेकर 450 रुपये तक की चूड़ी उपलब्ध है। साड़ी के रंग से मैच करती चूड़ियां सुहागिनें खरीद रही हैं। इसके अलावा कुंदन और लाख की चूड़ियां भी महिलाओं को पसंद आ रही है। कुंदन रजवाड़ा, अमेरिकन डायमंड, लाख की चूड़ियां बाजार में आई हुई है। कीमत 400 रुपये से शुरू है। अमेरिकन डायमंड करीब 450 रुपये और लाख की चूड़ियां 150 रुपये से शुरू हैं। लाल रंग की चूड़ियों की बिक्री ज्यादा है। मैचिंग कलर की चूड़ी, कंगन का सेट महिलाओं को भा रहा है।

### जलेबी काउंटर पर लगी भीड़

करवाचौथ का व्रत रखने से एक दिन पहले जलेबी और रबड़ी इमरती खाने का क्रेज है। माना जाता है कि जलेबी और इमरती खाने से अगले दिन व्रत रखने पर अधिक प्यास नहीं लगती है। इसके चलते बाजार में मिठाई की दुकानों के अलावा सरगी में प्रयोग के लिए जलेबी के काउंटर सजाए गए। उन पर खरीदारी करने वालों की भीड़ लगी रही। जलेबी 100 से 150 रुपये किलो तक बिक्री की गई।

# एलएलबी छात्र की मौत के मामले में हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम लखाखास के रहने वाले मैकूलाल की ओर से हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें मकतुल गांव के ही नेत्रा देवी उर्फ गायत्री को आरोपी बनाया है।

दर्ज की गई रिपोर्ट में मैकूलाल ने बताया कि 17 मई की रात आठ बजे उसका 27 वर्षीय पुत्र विजय कुमार घर से घूमने जाने की बात कहकर निकला था। देर रात तक पुत्र वापस नहीं आया तो परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। मगर कुछ पता नहीं चल सका। 18 मई को सुबह साढ़े दस बजे विजय कुमार का शव सहपुरा जाने वाले मार्ग पर एक खेत में मिला। हाथ के पास मोबाइल पड़ा था। पुत्र एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर का छात्र था। बरखेड़ा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मोबाइल की मदद से कॉल डिटेल निकाली गई तो दो नंबर सर्वाधिक कॉल वाले निकले थे। उसकी आईडी आरोपी महिला के नाम पर थी। पीड़ित का आरोप है नेत्रा देवी ने जहर देकर बेटे की हत्या की थी। पुलिस के कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली।

## गुरु के बताए मार्ग का करें अनुसरणः संजय

**पीलीभीत, अमृत विचारः** सिख धर्म के चतुर्थ गुरु श्री रामदास जी के प्रकाश पर्व पर शनिवार को एक कार्यक्रम ग्राम सिरसा में हुआ।जिसमें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार शामिल हुए। इस मौके पर आयोजित अखंड पाठ साहिब एवं कीर्तन दरबार में पहुंचकर गुरु वंदन कर माथा टेका। राज्यमंत्री ने कहा कि गुरु का दर्जा सर्वश्रेष्ठ है। उनके बताए मार्ग का अनुसरण हम सबको करना चाहिए। ग्राम पंचायत सिरसा में प्रकाश सिंह के फार्म हाउस पर हुए कार्यक्रम में अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह, गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी श्रीनानकमत्ता साहिब के सदस्यगण एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्राचार्य राज्य सूचना आयोग में तलब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **मेडिकल कॉलेज ने जन सूचना का अधिकार के तहत मांगी गई सूचना का नहीं दिया था जवाब**


**अमृत विचार** : सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मेडिकल कॉलेज से मांगी गई जनसूचना का गोलमोल जवाब देने के आरोप लगाकर शिकायतकर्ता ने राज्य सूचना आयोग में अपील की थी।

इसका संज्ञान लेते हुए राज्य सूचना आयोग ने मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को तलब किया है। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। राज्य सूचना आयोग ने उन्हें आठ दिन के भीतर उपस्थित होने के आदेश दिए हैं। हालांकि मेडिकल कॉलेज प्राचार्य की ओर से किसी तरह के नोटिस आने की पुष्टि नहीं की गई है। शहर के सिविल लाइन नॉर्थ के रहने वाले एक युवक ने जन सूचना अधिकार के तहत मेडिकल कॉलेज से छह बिंदुओं पर सूचना मांगी थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने मेडिकल कॉलेज में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या, आउटसोर्सिंग, संविदा, नियमित की सूचना मांगी थी। एमसीएच विंग में माह मई 2024 के दौरान निर्धारित चिकित्सक स्टाफ ड्यूटी रोस्टर की छाया प्रति समेत कई बिंदुओं पर 31 मई को सूचना मांगी थी। उसकी मानें तो मेडिकल कॉलेज की ओर से जनसूचना के तहत उन्हें गोलमोल जवाब दे दिया था। इस पर शिकायतकर्ता ने राज्य सूचना आयोग ने प्रथम अपील की थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि सूचना को गोलमोल तरीके से देते हुए बिना प्रमाणिकता के आधार पर दे दी थी। अपील के आधार पर राज्य सूचना आयोग मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य को 28 अक्टूबर को तलब किया है।

> राज्य सूचना आयोग की ओर से कोई भी नोटिस नहीं मिला है। न किसी तरह की सूचना का मामला मेरे संज्ञान में है। अगर ऐसा कुछ है, तो उसे दिखवाया जाएगा। - **डा . संगीता अनेजा,** प्राचार्य

दशम् पुण्यतिथि

स्व. श्री रमेश चन्द्र गुप्ता 20.10.2014
आपका विशाल व्यक्तित्व, स्नेहपूर्ण व उदार व्यवहार हम सभी के लिए प्रेरणा बना रहेगा आपकी दशम् पुण्यतिथि पर हम सभी अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
श्रद्धावनतः अनीता गुप्ता (पत्नी)
वरूण-श्वेता अग्रवाल, अक्षय-शिल्पी अग्रवाल, आदित्य-पूजा अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू) व्यान, मनस्वी, काशवी, दक्ष, दक्षिता अग्रवाल, ओजस्वी (पौत्र-पौत्री), तृप्ति-सचिन अग्रवाल (पुत्री-दामाद), वृंदा, ऐशानी, माधव गुप्ता (नातिन-नाती)
फर्म : देवभूमि एसोसिएट, दक्ष एसोसिएट
मो. 7017812588

उठावनी

स्व. श्री योगेन्द्र कुमार गुप्ता
अत्यन्त दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य श्री योगेन्द्र कुमार गुप्ता (वरिष्ठ अधिवक्ता) का गोलोक गमन दिनांक 18.10.2024 दिन शुक्रवार को हो गया है। उठावनी दिनांक 20.10.2024 दिन रविवार, दोपहर 1:00 से 2:00 बजे निज निवास गुप्ता नर्सरी, निकट बड़ा बाग हनुमान मंदिर, इज्जतनगर बरेली पर होना निश्चित हुआ है।
शोकाकुल परिवार
श्रीमती सावित्री देवी (धर्म पत्नी)
महेश चन्द्र अग्रवाल (बहनोई)
एडवोकेट नितिन कुमार गुप्ता-रेनू (पुत्र- पुत्रवधू)
एडवोकेट मिलन कुमार गुप्ता-भारती (पुत्र-पुत्रवधू)
डा. मीता अग्रवाल-डा. नरेश अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
एडवोकेट सचिन अग्रवाल-अल्पना (भांजा-भांजावधू)
डा. तरूण गुप्ता-नेहा (पौत्र-पौत्रवधू)
इं. तन्वी गुप्ता-इं. लक्षित गौड़ (पौत्री-पौत्री दामाद)
डा. अनुष्का गुप्ता- डा. अनुराग अग्रवाल (पौत्री-पौत्री दामाद)
एडवोकेट सिद्धांत गुप्ता-एडवोकेट नेहा (पौत्र- पौत्रवधू)
इं. जूही अग्रवाल-इं. ऋषभ (पौत्री-पौत्री दामाद)
डा. अनुराग अग्रवाल (नाती)
आरूष, रूद्राश, शिवान्या, मिराया (परपौत्र- परपौत्री)
एवं समस्त परिवारजन।

## एक नजर

### विवाद में महिला के सिर पर मारा फावड़ा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला प्रकाश नगर में पुरानी रंजिश में युवक ने महिला के सिर पर फावड़ा मार कर घायल कर दिया। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रामकिशोर ने बताया कि उनकी पत्नी मीना मिश्रा शनिवार की सुबह घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान रंजिशन पड़ोसी अखिलेश तिवारी ने उनकी पत्नी के सिर पर फावड़ा मार दिया। मीना खून से लथपथ होकर गिर गईं। परिवार वालों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल भेजा, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### दीवार लिपाई का विरोध करने पर भाइयों को पीटा

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सहिजना रामपुर बनवारी निवासी सूरज ने बताया कि वह अपनी कच्ची दीवार की लिपाई कर रहा था जिसका विरोध करते हुए गांव के रोहित, अभिषेक और छोटे लाल ने गाली गलौज शुरू किया। विरोध करने पर उसकी लाठी डंडों से पिटाई कर दी। उसे बचाने आए भाई पवन को भी पीटा। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चोटिलों का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी में कराया गया है।

### खोखे में आग लगने से परचून का सामान जला

**पसगवां, अमृत विचार :** ग्राम अजबापुर निवासी नन्ही देवी पत्नी किशोरी लाल ने बताया कि उसका परचून का खोखा है। आरोप लगाया है कि 16 अक्टूबर की रात सवा तीन बजे गांव के एक व्यक्ति ने खोखे में आग लगा दी। जिससे एक बाइक,जीन पाइप, चारपाई , परचून का सामान जल गया। एक लाख रुपए की क्षति का अनुमान है। नन्ही देवी ने नामजद तहरीर दी है।

### बाइक सवार उचक्कों ने युवक से छीना मोबाइल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर से सटे गांव सलेमपुर कोन निवासी मिलन ने बताया कि वह एक रेस्टोरेंट पर काम करता है। शुक्रवार की रात रेस्टोरेंट बंद कराने के बाद वह घर जाते समय फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए दो लुटेरों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### एसडीएम की अध्यक्षता में हुआ समाधान दिवस

**धौरहरा, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 30 शिकायतें आईं, जिनमें राजस्व विभाग की 15, पुलिस विभाग की 7, विकास विभाग 3, विद्युत विभाग की 1, आपूर्ति विभाग 2, नगर पंचायत 4 शिकायतें आईं। इनमें से 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य शिकायतों का निस्तारण सभी विभागों से समय पर करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार आदित्य विशाल, बीडीओ धौरहरा, सीओ आदि मौजूद रहे।

# मंडलीय प्रतियोगिताओं में पहले दिन लखनऊ का दबदबा

## प्रतियोगिताओं का संयुक्त शिक्षा निदेशक ने किया उद्घाटन, पहले दिन प्रतियोगियों ने लगाई 600 और 800 मीटर की दौड़

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** 68वीं मंडलीय स्पोर्ट्स फ़ॉर स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आगाज शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम लालपुर में हुआ। उद्घाटन संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ डॉ. प्रदीप कुमार ने किया। पहले दिन सीनियर और जूनियर वर्ग में बालक एवं बालिका वर्ग की 800 और 600 मीटर मीटर की दौड़ हुई। इसमें जूनियर वर्ग की बालक और बालिका वर्ग में लखनऊ विजेता बना।

जिला क्रीड़ा समिति के सचिव आरके सैनी ने बताया कि गत वर्ष की मंडल चैंपियन कोमल यादव ने मशाल दौड़ कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उपजिला क्रीड़ा अधिकारी मोहम्मद इरफान व सहायक रेफरी प्रगट सिंह के निर्देशन में सीनियर एवं जूनियर वर्ग में बालक एवं बालिकाओं की 800 मीटर और 600 मीटर की दौड़ हुई। मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि अंडर-17 खेल 26 से 30 नवंबर तक गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी लखनऊ में होंगे। यह स्वर्णिम अवसर है, इसमें हम बेहतर प्रदर्शन कर स्कूली खेलों में सिरमौर बन सकते हैं। संचालन मुकुट बिहारी मिश्रा ने किया। अनिल वर्मा, वेद प्रकाश, नवीन सिन्हा, श्याममूर्ति शुक्ला, विशाल वर्मा, विनोद कुमार, इशविंदर सिंह, सहित राजकीय हाईस्कूल के प्रधानाचार्य विपिन मिश्रा एवं देवेंद्र निगम, जीजीआईसी की प्रधानाचार्य डॉ शालिनी दुबे, खेल शिक्षक प्रगट सिंह मौजूद रहे।



प्रमाण पत्र के साथ विजेता प्रतिभागी और अतिथि। ● अमृत विचार


मंडलीय प्रतियोगिता में दौड़ में भाग लेतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**800 मीटर सीनियर बालक-बालिका**

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम | आशीष कश्यप हरदोई | शिवानी रायबरेली |
| द्वितीय | सत्यम लखीमपुर | पायल लखनऊ |
| तृतीय | अभिषेक लखीमपुर | सोनम देवी हरदोई |

**जूनियर वर्ग- 800 मीटर**

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम | शिव निषाद लखन | रचना मौर्या लखनऊ |
| द्वितीय | आदित्य चैधरी रायबरेली | सुष्मिता लखनऊ |
| तृतीय | देवेंद्र सिंह हरदोई | बबिता रायबरेली |

**600 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग**

| | |
|---|---|
| प्रथम | कृष्णा, लखनऊ |
| द्वितीय | राज कुमार, लखीमपुर |
| तृतीय | रवि, हरदोई |

# नायब तहसीलदार ने पुष्टाहार मामले की शुरू की जांच


बाल विकास परियोजना कार्यालय पर जांच करते नायब तहसीलदार दिलीप कुमार।

**भीरा, अमृत विचार:** बच्चों व गर्भवतिओं को पुष्टाहार न मिलने की शिकायत पर एसडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार दिलीप कुमार बाल विकास परियोजना कार्यालय पहुंचे और जांच की। आंगनवाड़ी वर्करों ने एसडीएम से शिकायत की थी कि उन्हें बाल विकास परियोजना कार्यालय भीरा के कर्मचारी पुष्टाहार वितरित नहीं करते हैं। शनिवार को नायब तहसीलदार और कार्यवाहक बाल विकास परियोजना अधिकारी मिथिलेश वर्मा सीडीपीओ कार्यालय पहुंचे। दोनों ने पुष्टाहार वितरण रजिस्टर के साथ अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया। गोदाम का सत्यापन भी कराया। नायब तहसीलदार ने बताया कि वह अपनी जांच रिपोर्ट एसडीएम को सौंपेंगे।

# सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सामूहिक दुष्कर्म के बाद महिला को गोली मारने के मुख्य आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोगली लगी है। मुठभेड़ में उसके दोनों साथी भी दबोच लिए गए हैं।

थाना मितौली क्षेत्र के एक गांव की महिला बंदरों से फसल बचाने खेत पर गई थी। मड़रिया गांव निवासी शमशाद, दीपेंद्र और राजीव ने उसे पकड़ लिया और गन्ने के खेत में खींच ले गए। आराप है कि तीनों युवकों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला ने शोर मचाया तो उसके साथ आरोपियों ने मारपीट की। महिला ने शिकायत करने की बात कही तो शमशाद ने तमंचे सेगोली मारी दी। ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ और जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की थी। जांच के बाद सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी। पुलिस तीनों आरोपियों की तलाश कर रही थी। सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद मुख्य आरोपी शमशाद को तमंचा बरामद कराने शुक्रवार की रात गांव मडरिया के पश्चिम तालाब पर पहुंची। गन्ने के खेत में तमंचा उठाकर उसने पुलिस पर गोली चला दी और भागने लगा। इस पर प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने हवाई फायर किया, लेकिन वह नहीं रुका। पिस्टल से प्रभारी निरीक्षक ने दूसरी गोली चलाई जो शमशाद के बाएं पैर में लगी। उसे सीएचसी ले जाया गया।

# प्रमुख सचिव ने दिलाया सड़क सुरक्षा का संकल्प



बैठक को संबोधित करते प्रमुख सचिव एल . वेंकटेश्वर लू। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **कर्मयोग के ज्ञान से रखें मानसिक नियंत्रण, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित होगी: लू**

**अमृत विचार:** परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव एल. वेंकटेश्वर लू ने कहा है कि गीता में कर्मयोग के बारे में बताया गया है। कर्मयोग से व्यक्ति में वैचारिक शुद्धता, त्याग की भावना, राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति विकसित होती है, जिससे व्यक्ति समाज सेवा से जुड़ता है। कर्मयोग से ही मानसिक नियंत्रण रख सकेंगे एवं सड़क सुरक्षा व समग्र सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

प्रमुख सचिव शनिवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के यहां पहुंचे, जहां सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने जिला ग्राम्य विकास संस्थान भंसड़िया में सड़क सुरक्षा और मिशन कर्मयोग विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित किया। सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, आरटीओ संजय कुमार तिवारी, संदीप कुमार पंकज, राज्य ग्राम विकास संस्थान से सहायक निदेशक एसके सिंह, सलाहकार हेमेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

# कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय सौंखिया प्रथम

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- **न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया**

**अमृत विचार:** बांकेगंज ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सौंखिया में हुई न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

खेल प्रतियोगिताओं में उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनहां के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय सौंखिया ने प्रथम, बालक वर्ग में मुरादपुर प्रथम, दौड़ में प्राथमिक विद्यालय रामपुर से स्वाती प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनहां से प्राची ने प्रथम, दामिनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में संविलयन विद्यालय मुरादपुर से अनुराग प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय सौंखिया से मोहम्मद कैफ लम्बी कूद में प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनहां से प्राची तथा सौंखिया से सोनिल दोनों बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय जमुनहां से अमित कुमार ने प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय सौंखिया से अभिजीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एआरपी वीरेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, राजेश कुमार, अजीत कुमार, प्रवीण कुमार, शकील अहमद, सोनू देवी, अतुल त्रिवेदी, नरेंद्र कुमार, बच्चूलाल, रियासत अली, गेंदनलाल ने बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

# डांडिया नाइट में झूमे डॉक्टर्स, प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **प्राइवेट मेडिकल प्रेक्टिशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने किया कार्यक्रम का आयोजन**

**अमृत विचार:** प्राइवेट मेडिकल प्रेक्टिशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने डांडिया नाइट का आयोजन किया । देर रात तक डॉक्टर्स व उनके परिजन झूमते रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी डॉक्टर दंपती व उनके परिजनों को सम्मानित किया गया।

एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. नित्य मेहरोत्रा की अध्यक्षता में सचिव डॉ. रोहित मिश्रा, डॉ. प्रदीप टंडन, रजनी टंडन, डॉ. अखिलेश खरे, डॉ. रमेश मेहरोत्रा, डॉ. मनीशा मेहरोत्रा, डॉ. कुमार शरद सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

प्रतिभागियों में डॉ. प्रदीप टंडन, रजनी टंडन, डॉ. रूबी मेहता, डॉ. इंदू मिश्रा, डॉ. प्रदीप मेहता, डॉ. केके मिश्रा, डॉ. अरविंद मिश्रा, डॉ. इंद्रा चोपड़ा, डॉ. जीसी मिश्रा, डॉ. रोहित को सम्मानित किया गया। संचालन मणि मेहरोत्रा ने किया।


डांडिया नाइट में विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत करते आयोजक। ● अमृत विचार

# ठिकाना बदलकर फसलें बर्बाद कर रहे हाथी

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचार:** करीब डेढ़ माह पहले नेपाल से आए हाथी किशनपुर सेंचुरी रेंज में डेरा डाले हुए हैं। यह हाथी लगातार ठिकाना बदलकर फसल बर्बाद कर रहे हैं। इनकी निगरानी में लगी टीम को खासी दिक्कतों का सामना करना सामना करना पड़ रहा है।

मैलानी रेंज के वन दरोगा शिवम प्रताप सिंह ने बताया कि हाथी जंगल से बाहर निकाल कर सुल्तानपुर बीट में कभी खुटार रेंज में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं तो कभी जटपुरा बीट से सटे खेतों में पहुंचकर नुकसान कर रहे हैं। हाथियों ने शनिवार को मैलानी रेंज के ग्राम पंचायत सलावत नगर के कोरियानी गांव पहुंच कर रामकली पत्नी स्वर्गीय होरीलाल की दो बीघा धान की फसल रौंद कर बर्बाद कर दी। किसानों की माने नेपाल से आए हाथी दो गुट में हैं, एक गुट में चार हाथी दूसरे गुट में पांच हाथी देखे गए हैं।


हाथियों ने रौंदी धान की फसल।

> नेपाल से आए हाथियों ने गांव कोरियानी में दो बीघा धान की फसल रौंद दी है। सुबह हाथी सेंचुरी रेंज में कूच कर गए। किसान की फसल नुकसान का सर्वे कराया गया, हाथियों की निगरानी के लिए फॉरेस्ट गार्ड अजयपाल और रामप्रसाद को लगाया गया है। - **निर्भय प्रताप शाही, रेंजर मैलानी।**

### बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सपा कार्यालय लोहिया भवन पर समाजवादी युवजन सभा की समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष उमेश गिरि की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रभारी बनकर आए कपिल मिश्रा ने संगठन का ब्लॉक, तहसील, विधानसभा स्तर पर और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने युवाओं में जोश भरा और संगठन की मजबूती को लेकर जरूरी टिप्स दिए। सपा जिलाध्यक्ष रामपाल यादव ने भी बैठक का संबोधित किया। संचालन सुधीर यादव ने किया। इस दौरान राजेश यादव, मनमोहन वर्मा, हर्षित वर्मा, विवेक यादव, इंद्रपाल राज, सोनू चौधरी, कमलेश राज, शौकत अली, सचिन यादव आदि मौजूद रहे।

### पहले दिन टूरिस्ट कोच में नहीं बैठी एक भी सवारी



**मैलानी, अमृत विचार :** रेल विभाग ने मैलानी जंक्शन सेपर्यटकों को दुधवा के जंगलों की सैर कराने के लिए टूरिस्ट कोच की शुरुआत की। पहले दिन शनिवार को मैलानी से बिछिया पैसेंजर ट्रेन में सुबह दो एसी कोच जोड़े गए, लेकिन एक भी टिकट न बिकने से दोनों कोच खाली हुए। रेल प्रशासन ने पर्यटकों को दुधवा जंगल की सैर करने के लिए दो ऐसी टूरिस्ट कोच की शुरुआत की गई है, जो हफ्ते में दो दिन शनिवार और रविवार को मैलानी से सुबह 6 .05 बजे 05320 से मैलानी से बिछिया तक जाकर उसी पैसेंजर ट्रेन से शाम को वापस आ गई। जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलवे ने तीन साल पहले तीन ऐसी टूरिस्ट चलाने शुरू किए थे। कुछ दिन तक पर्यटकों की काफी संख्या देखने को मिली। धीरे धीरे पर्यटकों की कमी होने पर रेलविभाग द्वारा संचालन बंद कर दिया गया। एक बार फिर पर्यटकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेल प्रशासन ने टूरिस्ट कोच चलाने का फैसला किया है।




चाँद सी महबूबा हो मेरी कब ऐसा मैंने सोचा था।
हाँ तुम बिलकुल वैसी हो जैसा मैंने सोचा था।।
ना कसमें है न रस्मे है ना शिकवे है ना वादे है।
एक सूरत भोली भाली है दो नैना सीधे साधे है।।
ऐसा ही रूप खयालों में था जैसा मैंने सोचा था।
हाँ तुम बिलकुल वैसी हो जैसा मैंने सोचा था।।
Happy करवा चौथ
ममता भारती
जिला कार्य समिति सदस्य भाजपा
M.L.
लेखराज भारती
जिला महामंत्री भाजपा
शादी का वर्ष 1991
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
शशि गंगवार
आर्येन्द्र गंगवार
पूरनपुर (पीलीभीत)
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
निशान्त गोस्वामी
सोनिया गोस्वामी
गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल पीलीभीत
KARWA CHAUTH
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्तिक भसीन
नेहा भसीन
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजमणि पासवान
प्रियंका राजपूत
पूरनपुर (पीलीभीत)
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्राची अग्रवाल
पत्नी
पल्लव अग्रवाल
विवाह तिथि 06 फरवरी 2010
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता देवी
पत्नी
रुपलाल
ग्राम प्रधान
बहरुआ वि.खं. अमरिया जिला पीलीभीत
आप सभी को
करवा चौथ
की हार्दिक शुभकामनाएं
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
आशा रानी
राम किशोर
वैवाहिक तिथि 4/5/1992
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्योति सिंह
पत्नी
अंशुल गौरव सिंह
विवाह तिथि:- 17.05.2006
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेंद्र गुप्ता
चेयरमैन
नगर पालिका परिषद पूरनपुर
कल्पना गुप्ता
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेंद्र गिरि मोंटी
रंजना गिरि
भाजपा नेता
गोला गोकर्णनाथ
वैवाहिक तिथि
19 जनवरी 2004
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव सिंह
नूतन सिंह
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
शीलेन्द्र कुमार यादव
वन दरोगा
सेक्सन प्रभारी अमरिया
पीलीभीत रेंज
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता
पत्नी
विकासशील
मनरेगा महिला मेट
बिरहनी वि.खं. अमरिया जिला पीलीभीत
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश गुप्ता
सविता गुप्ता
एमडी चिल्ड्रेंस एकेडमी
गोला गोकर्णनाथ खीरी
वैवाहिक तिथि
14 फरवरी 1994
करबाचौथ के पावन पर्व पर
सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं
अभिभावक शिक्षक एसोसियेशन
बलदेव वैदिक विद्यालय इण्टर कॉलेज
पलियाकलां-खीरी
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
PMCC,PDG
लायन प्रमोद चंद्र सेठ
PMJF
लायन मीरा सेठ
लायन क्लब शाहजहांपुर सेंट्रल
लायन क्लब शाहजहांपुर सहेली
आप सभी जनपदवासियों को करवाचौथ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
नवीन फैशन हाउस
वैवाहिक परिधानों का नवीनतम एवं मनमोहक विशाल संग्रह
वैराइटी ऐसी देखते रह जाएं... रेट ऐसे सोचते रह जाएं...
मनमोहक व आकर्षक वस्त्रों का विशाल संग्रह
साड़ी, लेड़ीज सूट, लहंगा, शेरवानी व फैन्सी ड्रेसेज
शुभ विवाह, मुण्डन, यज्ञोपवीत, वरीक्षा एवं मांगलिक कार्यक्रमों हेतु मनमोहक व आकर्षक वस्त्रों की खरीदारी करने हेतु पधारें।
प्रो. नवीन साहनी मो. 8707382326
निकट न्यू डॉन बॉस्को स्कूल, रामापुर नहर पटरी रोड, लखीमपुर खीरी
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अंकित अग्रवाल
शिवांगी अग्रवाल
शाहजहांपुर
आप सभी जनपदवासियों को करवाचौथ, धनतेरस, दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
आपका यूपी बैंक एम्पलाइज यूनियन अध्यक्ष
सौरभ गंगवार
Happy करवा चौथ
करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव रिंकी
रंगकर्मी
Happy करवा चौथ
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. संगीता मोहन
डॉ. रवि मोहन
मोहन होम्यो क्लीनिक
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
वंदना गुप्ता
सुनील गुप्ता
शाहजहांपुर
आप सभी क्षेत्रवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. रजत अग्रवाल
डॉ. टीना अग्रवाल
शाहजहांपुर

## श्रीराम कथा में भरत महिमा प्रसंग सुनाया

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** ग्राम सुहेला में हनुमान मंदिर पर हो रही श्रीराम कथा में कथाव्यास प्रशांत जी महाराज ने भरत महिमा का बखान किया। राम को वनवास और पिता के निधन की सुन भरत के हृदय में अपनी मां कैकई के लिए ग्लानि उत्पन्न हो गई। श्रीराम को मनाने के लिए भरत राज समाज के साथ चित्रकूट गए। चलत पायदे खात फल, पिता दीन्ह तजि राजु। जात मनावन रघुवरहिं, भरत सरिस को आजु। संसार में भरत जैसा भाई होना दुर्लभ है। स्वार्थ के कारण आज भाई भाई जहां दुश्मन जैसा व्यवहार करते हैं वहीं भरत चरित्र में त्याग, संयम, धैर्य और ईश्वर प्रेम भरत चरित्र का दूसरा उदाहरण है। भरत का विग्रह स्वरूप श्रीराम प्रेम मूर्ति के समान है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री, जयप्रकाश अवस्थी, रामकिशोर वर्मा, रामप्रताप वर्मा, अशोक मिश्रा, गीता देवी, राजकुमार, मुकेश कुमार, शिवकुमार अग्निहोत्री, राजेश कुमार त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।


प्रशांत जी महाराज।

# वसूली के डर से दुकानदार परेशान, नहीं खोलीं दुकानें

## दशहरा मेला: नगर पालिका प्रशासन ने बिना रसीद कटवाए दुकानें खोलने पर लगाई रोक, झूले भी नहीं चले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** दशहरा मेले में दुकानें लगवाने से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने को लेकर विवाद का पटाक्षेप नहीं हो सका है, जबकि मेला शुरू हुए चार दिन हो गए है। ईओ की चेतावनी के बाद दुकानदारों ने शनिवार को अपनी दुकानें नहीं खोलीं। इससे मेला देखने पंहुचे लोग निराश होकर लौट गए। दुकानदारों का कहना है कि ईओ ने रसीद न कटवाने पर बिजली कटवाने की धमकी दी है। वही ट्रस्ट के सर्वराकार रुपये वापस नहीं कर रहे हैं। दो-दो बार रसीद कटवाना हमारे बस का नहीं है।

दशहरा मेला को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। दुकानदार ट्रस्ट और पालिका के बीच फुटबॉल बन गए हैं। पालिका प्रशासन बिना रसीद कटवाए दुकानें न खोलने देने पर अड़ा है वहीं रसीद काटकर पैसा वसूल चुके ट्रस्ट के सर्वराकार धन वापस करने को तैयार नहीं हैं। दुकानदारों का कहना है कि मेले में इतनी बिक्री नहीं होती है कि हम डबल रसीद कटवाएं। दुकान लगाने के लिए सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट के सरवरकार विपुल सेठ से पहले ही रसीद कटवा चुके हैं। श्रमिक मेला दुकानदार समिति अध्यक्ष संतोष पटवा, उपाध्यक्ष सोनू पटेल, समिति के सह-सचिव फारूक, मुकेश जायसवाल, राजू कटियार,मो. शाहनवाज, शैलेंद्र सिंह, अजमल अभिषेक मिश्र, अनिल गुप्ता, प्रेमा देवी आदि का कहना है कि शुरुआत में थोड़ा पैसा जमा करके पालिका की रशीद कटवाई थी। अब पालिका प्रशासन पूरा पैसा मांग रहा है। इसके विरोध में मेला दुकानदारों ने शनिवार को दुकानें बंद रखीं।


दशहरा मेला में शाम को भी बंद रहीं दुकानें। ● अमृत विचार

● **शाम तक दुकानें न खुलने से मेला देखने पंहुचे लोग मायूस होकर लौटे**

### दुकानदारों ने अनशन की दी चेतावनी

1965 से मेले में दुकान लगाते आ रहे रंजीत कुमार ने बताया कि पिछले सालों की तरह इस बार भी ट्रस्ट के विपुल सेठ से रसीद कटवा चुके हैं। अब दोबारा रसीद कटवाने का कोई मतलब नहीं है। मगर, पालिका प्रशासन दबाव बना रहा है। रंजीत सहित अन्य दुकानदारों का कहना है कि यदि दुकानें नहीं खोलने दी गईं तो हम सब धरना प्रदर्शन से लेकर अनशन करने के लिए मजबूर होंगे। जरूरत पड़ने पर आत्मदाह भी करेंगे।

### मेला की समयावधि बढ़ाने की मांग

दुकानदारों ने विवाद के चलते प्रभावित हो रही दुकानदारी को लेकर मेले की अवधि गंगा स्नान तक बढ़ाने, साफ्टी की पुरानी दुकान का आवंटन किए जाने, सफाई,सुरक्षा, बिजली, पानी की व्यवस्था, गंगा स्नान मेला रहने तक बनाए रखने की मांग की है।

पैसा तो दुकानदारों को वैसे भी देना ही है, लेकिन हमने उनसे ऐसी कोई बाध्यता नहीं की है कि वे तत्काल पैसा जमा करें। मुझे तो मेला दुकानदारों के नाराज होने की जानकारी भी नहीं है। **-डॉ .इरा श्रीवास्तव, अध्यक्ष नगर पालिका**

अभी न्यायालय का कोई निर्णय नहीं आया है। मैं तो मेला लगवा रहा था, लेकिन दुकानदार नगर पालिका में भी पैसा जमा करने लगे। जब मैंने पैसा लिखा-पढ़ी में जमा किया था, तो मैं पैसा लिखा पढ़ी में ही दूंगा। **-विपुल सेठ, सरवराहकार- सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट**

मेला पर पैसा खर्च होता है, जिसके लिए दुकानदारों की रसीद कटती है। मगर, इस बार दुकानदारों ने दो तीन दिन की मोहलत मांगी थी। समय बीत जाने के बाद भी दुकानदार पैसा नहीं जमा कर रहे हैं। अभी बात कर झूले शुरू करवाता हूं। **-संजय कुमार, ईओ, नगर पालिका**

# भगवान का नाम जपने से सदा मंगल होता है: प्रशांत प्रभु

संवाददाता, पसगवां

● **24 अक्टूबर को 1008 शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया जाएगा**

**अमृत विचार:** श्री शिव महापुराण कथा में प्रशांत प्रभु महाराज ने कहा कि भगवान का नाम जप करने से सदैव मंगल ही होता है चाहे भाव से जपा जाय या कुभाव से। बताया कि 24 को 1008 शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दक्ष ने यज्ञ बिना जाने समझे और शिव को नीचा दिखाने के लिए किया था। सती के अग्नि में समाहित होने के बाद जब दक्ष का यज्ञ विध्वंस किया गया और उसका भी प्राणान्त किया गया। तब शिव ने सोचा कि मैं तो ईश्वर हूं। यज्ञ तो यज्ञ है इसलिए दक्ष को जीवनदान दिया जाना चाहिए। इसके बाद जिस बकरे की बलि दी जाने वाली थी उसी बकरे का सिर अलग कर दक्ष के जोड़कर उसे जीवनदान दिया गया।


प्रशांत प्रभु महाराज।

प्रशांत प्रभु ने बताया कि नारद जी की प्रेरणा से हिमालय राज ने अपनी पत्नी मैना के साथ 10 हजार वर्ष तक मां की तपस्या की तब सिंह के प्रष्ठ पर सवार माता ने दोनों को दर्शन दिए और कहा कि मैंने सती को वरदान दिया था कि पुत्री के रूप में जन्म लूंगी। इसी वरदान को पूरा करने के लिए मां शैलपुत्री ने पार्वती के रूप में जन्म लिया। एक छोटी बालिका को पार्वती के प्रतीक रूप में सभी श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए। प्रशान्त प्रभु महाराज ने कथा में आए श्रद्धालुओं को बताया कि आगामी 24 अक्टूबर को 1008 शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया जाएगा। इच्छुक श्रद्धालु अपनी स्वीकृति उनके कार्यालय में पंजीकरण करा दें।

## सार-संक्षेप

### करवा चौथ के लिए शिक्षिकाओं ने सजाई मेहंदी



**पलिया कलां, अमृत विचार :** स्मृति पब्लिक स्कूल बोझवा में करवा चौथ से एक दिन पूर्व शिक्षिकाओं व छात्राओं ने मेहंदी सजाई। विद्यालय की व्यवस्थापिका मनीषा तिवारी ने शुभकामनाएं दीं । शिक्षिका ज्योति शर्मा, पूनम सिंह, सैलवी गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, बसंती शाही, आस्था मिश्रा ,श्वेता शर्मा, सहित रिया ,अंशिका ,सलोनी ,बबली, सनम आदि मौजूद रहीं।

### लक्ष्मण-मेघनाद के बीच भीषण युद्ध का किया मंचन



**औरंगाबाद, अमृत विचार :** रामलीला मेले में लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन किया। नरान्तक, देवान्तक, अतिकाय के वध की लीला के बाद जब रावण के दरवार में दूतों ने खबर खबर दी कि वानर सेना लंका के द्वार पर आ गई है। तब लंकेश ने पुत्र मेघनाद को आदेश दिया। मेघनाद वानरों को मारते हुए आगे बढ़ रहा था। राम का आदेश पाकर लक्ष्मण युद्ध करने पहुंचे। मेघनाद और लक्ष्मण के बीच भीषण युद्ध हुआ। सारे अस्त्र असफल हो गए तो मेघनाद ने अमोघ शक्ति छोड़ दी। शक्ति के लगते ही लक्ष्मण मूर्छित होकर गिर पड़े। लक्ष्मण को मूर्छित देख राम व्याकुल हो गए। विभीषण ने उन्हें बताया कि मेघनाथ ने शक्तिबाण का प्रयोग किया है। मेला कमेटी अध्यक्ष प्रजेश मिश्र ,शैलेन्द्र कुमार मिश्र,अवनीश मिश्र, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, कान्हा गुप्ता ,धीरु दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### महारानी सूरथ कुमारी स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट 17 से



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सिंगाही में महारानी सूरथ कुमारी प्रदेश स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन 17 नवंबर से 24 नवंबर तक होगा। महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट कमेटी की बैठक कमेटी की बैठक राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज में हुई। सभी की सहमति से 17 से 24 नवंबर तक टूर्नामेंट कराने का निर्णय लिया गया ।अध्यक्ष विकमेंद्र कुमार भल्ला ने कहा कि प्रतियोगिता को लेकर जिसे जो दायित्व सौंपा गया है, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाए। ताकि फुटबॉल टूर्नामेंट को और भव्य तरीके किया जा सके। महामंत्री सुनील बत्रा, नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम, राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कालेज के अध्यक्ष डॉ एनयू खान, संजय तिवारी, अतुल भंडारी, बबलू उर्फ हारुन, अशोक वर्मा, अनुराग पुरवार, सुमित परमार, कमेंटेटर सईदुर रहमान आदि लोग मौजूद रहे।

### बाजारों में रही करवा चौथ की रौनक

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** करवा चौथ के लिए सुहागिनें श्रृंगार का सामान, पूजन सामग्री, साड़ी, आदि के लिए देर रात तक बाजारों में खरीदारी करती दिखीं। मेहंदी लगवाने के लिए ब्यूटी पार्लरों में भी दिखी। महिलाओं की सबसे ज्यादा भीड़ तीर्थ बाजार की चूड़ी वाली गली में लगी रही। इसके साथ ही महिलाओं ने नारियल, घी, शहद, कपूर, दीपक, करवा माता की फोटो, छलनी, आसन, मिष्ठान आदि की जमकर खरीदारी की।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल पलिया में छात्र संसद गठित



**पलिया कलां, अमृत विचार :** कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल में शनिवार को छात्र संसद का गठन किया गया, जिसमें श्रद्धेय स्कूल हेडब्वाय, दिव्या हेड गर्ल बनीं, जबकि राहुल जॉय हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन नंदिनी, लव हाउस कैप्टन विवान, वाइस कैप्टन निशा, पीस हाउस कैप्टन सैफ, वाइस कैप्टन अनुष्का, करेज हाउस कैप्टन आयुष, वाइस कैप्टन सुखमन आदि बने। इसके अलावा सभी कक्षाओं के मॉनिटर नियुक्त हुए, जिसमें उत्कर्ष, आराध्या, आर्य प्रताप, काजल, अरनव, अग्रिमा शुएब, फलक, नोमान आदि को शामिल किया गया। प्रधानाचार्य सुनील शुक्ला ने सभी को बधाई दी।

# सुहागिनों ने देर शाम तक की करवा चौथ के लिए खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **पूजा सामग्री, साड़ियां, सौंदर्य प्रसाधन, आभूषण खरीदे**

● **दुकानदारों ने महिलाओं के लिए लगवाए फ्री मेंहदी शिविर**

**अमृत विचार:** करवाचौथ आज है। इसको लेकर सुहागिनों में खासा उत्साहित हैं। खरीदारी के लिए शनिवार देर रात तक बाजार गुलजार रहे। महिलाओं ने पूजन सामग्री के साथ साड़ियां, श्रंगार सामग्री और ज्वैलरी खरीदी।

करवाचौथ व्रत को लेकर महिलाएं काफी उत्साहित हैं। महिलाएं शनिवार को तैयारियां और खरीदारी करती रहीं। साड़ी, लहंगा, चूड़ी, मेहंदी आदि के अलावा पूजा के लिए मिट्टी के सजावटी करवा भी खरीदे। दुकानदार राजू ने बताया कि सादा करवे भी बिक रहे हैं, लेकिन सजे हुए करवों की बिक्री अधिक हो रही है। इसके साथ ही कैलेंडर, छलनी, सींक आदि की भी खरीदारी की।


सदर चौराहे पर सराफा शोरूम में आभूषण पसंद करती महिला। ● अमृत विचार


शोरूम में करवा चौथ के लिए साड़ी खरीदती सुहागिन। ● अमृत विचार


पूजन के लिए मिट्टी का करवा पसंद करती सुहागिन। ● अमृत विचार

### साड़ियों की दुकान पर लगे नि:शुल्क मेंहदी कैंप



सुहागिनों के सोलह श्रृंगार में मेंहदी भी शामिल है। इसके लिए दुकानदारों ने मेंहदी के फ्री कैम्प भी लगवाए। नहर पटरी पर साड़ी शो रूम संचालक नवीन साहनी ने बताया कि सुहागिनों के लिए निशुल्क मेंहदी लगवाने की सुविधा दी जा रही है। महिलाओं को बनारसी और कढ़ाई वाली डिसाड़ियां खूब पसंद आ रही हैं।

# लेखपाल संघ के अजय अध्यक्ष, जेपी वर्मा बने मंत्री


लेखपाल संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते चुनाव अधिकारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की गोला तहसील शाखा का अजय गुप्ता को अध्यक्ष और जयप्रकाश वर्मा को मंत्री चुना गया है।

तहसील सभागार में चुनाव अधिकारी रणधीर सिंह और सहायक चुनाव अधिकारी रामसूरत की देखरेख में हुई निर्वाचन प्रक्रिया में एकल नामांकनों के चलते सात पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। दिव्यांश श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहित कुमार मौर्य को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, अमन कुमार सत्यार्थी को उपमंत्री, सपना त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष और पूनम यादव को लेखा परीक्षक चुना गया। निर्वाचन अधिकारी ने पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर माल्यार्पण किया।

# अब्दुल कादिर जिलानी के दीवानों की हुई कॉन्फ्रेंस

**कुकरा,अमृत विचार:** इस्लामी जल्से को मदरसा अंसारुलउलूम के सदर मुदर्रिस हाफ़िज़ अब्दुस्सलाम अंसारी ने खिताब फरमाया कि हज़रत मोहय्युद्दीन अब्दुल कादिर जीलानी ने पांच वक्त की नमाज़ पढने, माह ए रमज़ानुल मुबारक के मुकम्मल रोज़े रखने तथा मालेनिसाब होने पर ज़कात अदा करने व मुल्क का वफ़ादार होने को फर्ज़ुलऐन करार दिया। मुफ़्ती मुज़ाहिद रज़ा पीलीभीत ने कहा कि हर मुस्लिम सच बोले और झूठ से परहेज़ करे। झूठ बोलना, तलाक देना, शराब पीना, जुआ खेलना, जिना करना, किसी बहन-बेटी को बेआबरू करना, बुतपरसती व शिर्क करना, क़त्ल करने जैसे गुनाहों को इस्लाम में हराम करार दिया है। निज़ामत हाफ़िज़ मोहम्मद आरिफ रज़ा,इनएकाद मोहम्मद फारूक खां ने किया। मोहम्मद उवैश रज़ा, मतीन खां, शकील अंसारी, आफ़ताब अंसारी, कल्लू खां, बासिद खां, सफीरुद्दीन अंसारी ने शिरकत की।

# सदाचार से चमकता है मनुष्य का व्यक्तित्व


असंग साहेब को फल, फूलों की टोकरी भेंट करते एल वेंकटेश्वर लू।

संवाददाता, अलीगंज

**अमृत विचार:** कबीरधाम मुस्तफाबाद में संत असंग देव के सानिध्य में स्मृति एवं जन्मोत्सव मेला के दूसरे दिन छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, पटना, उत्तराखंड से आए अनुयाई ने उनके जन्मदिन पर पहुंचे। सत्संग का भी आंनद लिया।

असंग देव ने कहा कि सदाचार वह सूरज है जो मनुष्य की प्रतिभा और व्यक्तित्व को चार गुना चमका देता है। मुख्य अतिथि मुख्य सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू ने संत असंग साहेब का माल्यार्पण, फल देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा भी मौजूद रहे। कबीरधाम आश्रम के सेवादार प्रवीणदास ने बताया कि 20 अक्टूबर को क्षमा देव और गुरमन देव मंदिर का उद्घाटन कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत करेंगे। आश्रम पर हुए भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# लौट गईं डायना और सुलोचना, नहीं मिला बाघ

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचार:** वन रेंज मोहम्मदी महेशपुर में डेढ़ माह से चल रहे ऑपरेशन टाइगर में वनकर्मी थक चुके हैं। दुधवा नेशनल पार्क से आई हथिनियों सुलोचना व डायना को वापस जाना पड़ा। बाघ नहीं पकड़ा जा सका।

महावत बताते हैं कि पहली बार डायना और सुलोचना बिना किसी कामयाबी के वापस भेजी गयी। यही नहीं बाघ को ट्रेंकुलाइज करने के लिए कानपुर प्राणि उद्यान से आए विशेषज्ञ भी वापस लौटने की तैयारी में हैं। महेशपुर वन रेंज के ग्राम इमलिया में 27 अगस्त को अमरीश और 11 सितंबर को मूड़ा अस्सी में जाकिर अली को बाघ ने मार डाला था। इसके बाद ऑपरेशन टाइगर की शुरुआत 28 अगस्त से की गई थी। पिंजड़े, थर्मल ड्रोन कैमरे आदि लगाए गए।

पीटीआर से डॉ दक्ष, कानपुर प्राणि उद्यान से डॉ. नितेश और पीलीभीत से एक्सपर्ट डॉ दयाशंकर, कर्तनियाघाट के डॉ दीपक को बुलाया गया। एक दिन मूडा अस्सी के पास बाघ एक्सपर्ट टीम के सामने आया और फिर गन्ने के खेत में चला गया। बाघ बेहोश हुआ कि नहीं यह जानने के लिए ड्रोन उड़ाया, पर ड्रोन उड़ा ही नहीं।

जब वन विभाग बाघ को पकड़ने में नाकाम रहा तो दुधवा नेशनल पार्क से डायना और सुलोचना बुलाई गईं। लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। 25 दिनों से दोनों हथिनी घरथनिया के के पास मूड़ाविश्नू गांव में रुकी थीं। उन पर चारे का 1200 रुपये रोज खर्च होता रहा। कई दिनों से बाघ की लोकेशन न मिलने और किसानों के गन्ना रौंदने की शिकायत पर डीएफओ के आदेश पर दोनों मादा हाथी वापस दुधवा भेज दिये गये हैं। फिलहाल एक्सपर्ट वाहन से प्रतिदिन कांबिंग करने की जानकारी वन कर्मियों द्वारा दी गई है।


दुधवा वापस जाने की तैयारी में हथिनी और महावत। ● अमृत विचार

● **अभी वाहनों से एक्सपर्ट कर रहे हैं खेतों में कांबिंग**

हथिनियों से थोड़ा बहुत गन्ना रौंद जाने पर किसानों द्वारा निरंतर की जा रही शिकायत के कारण अधिकारियों के आदेश पर दोनों हथिनियों को वापस दुधवा नेशनल पार्क भेज दिया गया है। बाघ को ट्रेंकुलाइज करने के लिए सभी एक्सपर्ट प्रतिदिन वाहन से कांबिंग कर रहे हैं। यह अभियान जारी रहेगा। **-नरेश पाल सिंह, वन क्षेत्राधिकारी महेशपुर।**

## रामलीला के मंच पर छात्रों ने किए कार्यक्रम

**पलिया कलां, अमृत विचार :** रामलीला के मंच पर कई दिन से प्रस्तुत किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार रात कई विद्यालयों के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बाल विवाह ,दहेज प्रथा सहित देश प्रेम पर आधारित लघु नाटिकाओं की प्रस्तुति पर रामलीला कमेटी के व्यवस्थापक राजेश भारतीय व अतिथियों ने पुरस्कृत किया ।कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज राम प्रताप सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष के बी गुप्ता ने दीप जलाकर किया। बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज,सरस्वती विद्या मंदिर तथा रवि संगीत अकादमी के छात्रों ने आकर्षक नृत्य, गीत, एकांकी, लघु नाटिकाएं तथा हास्य -व्यंग्य आदि प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। रामलीला कमेटी के मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, प्रधानाचार्य बलदेव वैदिक कॉलेज डोरी लाल भार्गव , राजेंद्र गुप्ता, मोतीलाल गुप्ता, विजय नारायण महेंन्द्रा, कुंता अग्रवाल, राम यश वर्मा ,विजय बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाईसेंस UP25 2014005842 में मेरा नाम VIABHAV SHUKLA पुत्र LATE AVDHESH KUMAR SHUKLA त्रुटिवश लिख गया है जोकि गलत है जबकि मेरा सही नाम VAIBHAV SHUKLA पुत्र LATE AVADESH KUMAR SHUKLA है। **VAIBHAV SHUKLA पुत्र LATE AVADESH KUMAR SHUKLA निवासी 218, बिहारीपुर खत्रियान, बरेली (उ.प्र.)**

**Notice**
No.JC850124-M Rank Sub Name Vinay Kumar S/o Brejesh Kumar Shyam Vihar Colony Agra Road Etah Declare that in my Service record My son name Veney Kumar Mentioned erroneously correct name my son is Vinay Kumar as per Aadhar Card.

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नवीउद्दीन व पुत्रवधु साजना को गलत संगत/चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **हसीना बेगम पत्नी स्व. नसरूद्दीन निवासी ठिरिया खेतल थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।**


**सूचना**
मैंने अपने पुत्र भानु प्रताप सिंह को उसके गलत आचरण एवं चाल-चलन के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **शशी राघव पत्नी ओमकार सिंह नि. पचदौरा दोहरिया भोजीपुरा, बरेली**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम सम्भव था अब मैंने अपना नाम बदलकर सम्भव कुमार कर लिया है। भविष्य में मुझे सम्भव कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाये। **सम्भव कुमार पुत्र रोहित कुमार A2/2 जाटवपुरा, प्रेम नगर, बरेली**

**सूचना**
मेरी पुत्री स्नेहा गौतम ने मेरी बिना इच्छा के अपनी मर्जी से राहुल सागर से प्रेम विवाह कर लिया है इस कारणवश मैंने अपनी पुत्री स्नेहा गौतम को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र श्री राघवेन्द्र सिंह नि. तिरूपतिधाम विस्तार कालोनी, निकट करगैना चौकी, बदायूं रोड, बरेली**

**गीता मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल**
**पायनियर इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी**
पड़ौली, भुता, बरेली
**आवश्यकता है**
स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स, EMO, वार्ड ब्वाय, नर्सिंग स्टाफ, स्वीपर की।
साक्षात्कार के लिए 21 अक्टूबर को दो बजे से संपर्क करें।
मो. 9520665542, 7505065046

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



राष्ट्रीय संत पूज्य गुरुदेव असंग देव के सानिध्य में
स्मृति एवं जन्मोत्सव मेला, सत्संग
मुख्य अतिथि थावर चन्द्र गहलौत
महामहिम राज्यपाल कर्नाटक
20 अक्टूबर को पूज्य राष्ट्रीय संत असंग देव के जन्मोत्सव कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम थावर चंद गहलौत के मुख्य आतिथ्य में ढेर सारी उमंगों के साथ मनाया जाएगा। आप सादर आमंत्रित हैं।
आयोजक : समस्त संत कबीर आश्रम एवं क्षेत्रवासी

